web : www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, सोमवार 03 जून 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-241

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मोदी कैबिनेट में 51 मंत्री हैं करोड़पति, हरसिमरत सबसे अमीर

**मोदी 46वें नंबर पर**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नवगठित सरकार में 51 मंत्री करोड़पति हैं। इनमें सबसे ज्यादा अमीर शिरोमणि अकाली दल की हरसिमरत कौर बादल हैं, जिनकी संपत्ति 217 करोड़ रुपये है। नेशनल इलेक्शन वाच और एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स ने यह जानकारी दी। हरसिमरत के बाद महाराष्ट्र से राज्यसभा सांसद पीयूष गोयल की संपत्ति 95 करोड़ रुपये है। गुरुग्राम से निर्वाचित राव इंद्रजीत सिंह तीसरे सबसे धनी मंत्री हैं और उन्होंने अपनी संपत्ति 42 करोड़ रुपये घोषित की है। चौथे नंबर पर भाजपा अध्यक्ष और गांधीनगर से सांसद अमित शाह हैं जिनकी संपत्ति 40 करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सूची में 46वें नंबर पर हैं जिनके पास दो करोड़ रुपये की संपत्ति है। करीब 10 मंत्रियों के पास मोदी से कम संपत्ति है। इनमें बीकानेर से सांसद अर्जुन राम मेघवाल, मध्य प्रदेश के मुरैना से सांसद नरेंद्र सिंह तोमर शामिल हैं जिन्होंने करीब दो करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। मुजफ्फरनगर से सांसद संजीव कुमार बालियान, अरुणाचल पश्चिम से सांसद किरण रिजूजू और उत्तर प्रदेश के फतेहपुर से सांसद साध्वी निरंजन ज्योति ने अपनी संपत्ति करीब एक करोड़ रुपये घोषित की है। जो मंत्री करोड़पति नहीं हैं उनमें बंगाल की रायगंज से सांसद देबाश्री चौधरी (61 लाख), असम के डिब्रूगढ़ से सांसद रामेश्वर तेली (43 लाख), केरल से सांसद वी. मुरलीधरण (27 लाख), राजस्थान के बाड़मेर से सांसद कैलाश चौधरी (24 लाख) और ओडिशा के बालासोर से सांसद प्रताप चंद्र सारंगी (13 लाख रुपये) शामिल हैं।

### ईडी ने पूर्व मंत्री प्रफुल्ल पटेल को भेजा समन

**विमानन घोटाला**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय ने दीपक तलवार अवैध विमानन सौदे मामले में एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल को समन भेजकर 6 जून को पेश होने के लिए कहा है. प्रवर्तन निदेशालय के नोटिस पर प्रफुल्ल पटेल ने कहा, विमानन क्षेत्र की जटिलताओं को समझाने में मदद करने के लिए मुझे ईडी के साथ सहयोग करने में खुशी होगी. आयकर विभाग ने अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलकॉप्टर डील से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में दीपक तलवार पर 11 मामले दर्ज किए हैं. दीपक तलवार को दुबई में 30 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था. ईडी ने उन पर निजी एयरलाइंस का पक्ष लेने के लिए बिचौलिए का काम करने का आरोप लगाया है. दीपक तलवार पर आरोप है कि उन्होंने एयर अरेबिया, एमिरात के लिए बिचौलिए का काम करते हुए तत्कालीन विमानन मंत्री प्रफुल्ल पटेल के संपर्क से कई काम करवाए.

### भारतीय उच्चायुक्त के इफ्तार में मेहमानों को किया परेशान

**पाकिस्तान की घिनौनी करतूत**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में भारतीय उच्चायुक्त अजय बिसारिया ने इस्लामाबाद में एक इफ्तार पार्टी की मेजबानी की लेकिन उन्हें अपने सभी दोस्तों एवं मेहमानों से माफी मांगनी पड़ी क्योंकि मेहमानों को पाकिस्तानी सुरक्षा एजेंसियों की सख्ती से की गयी जांच से परेशानी का सामना करना पड़ा। श्री बिसारिया ने इफ्तार के दौरान कहा, मैं अपने उन सभी दोस्तों से माफी मांगता हूं जिन्हें सख्ती से की गयी जांच का सामना करना पड़ा। उनका माफी संबंधी यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और भारतीय टीवी चैनलों ने भी इसे दिखाया। उन्होंने कहा, आप सभी को इसमें शिरकत करने के लिए धन्यवाद। और यह भी कहा कि संयोग है कि इफ्तार की मेजबानी ऐसे समय में की गयी जब भारत में नयी सरकार का गठन किया गया। बिसारिया ने कहा, नयी सरकार हमेशा नयी उम्मीद लेकर आती है तथा एक नयी शुरूआत करती है। बिसारिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गठित नयी सरकार का हवाला देते हुए यह बात कही।

# भारत की सुरक्षा, जनता का कल्याण मोदी सरकार की प्राथमिकता: शाह



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि देश की सुरक्षा और जनता का कल्याण मोदी सरकार की प्रमुख प्राथमिकताएं हैं। शाह ने शनिवार को संवेदनशील मंत्रालय का कार्यभार संभाला। उन्होंने कहा कि वह इन सभी प्राथमिकताओं को अमली जामा पहनाने का भरपूर प्रयास करेंगे। उन्होंने ट्वीट किया, ''देश की सुरक्षा और जनता का कल्याण मोदी सरकार की प्राथमिकताएं हैं। मोदी के नेतृत्व में मैं इन सभी प्राथमिकताओं को पूरा करने का भरपूर प्रयास करूंगा।'' इतने संवेदनशील मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपने के लिये शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ''आज मैंने भारत के गृहमंत्री का कार्यभार संभाल लिया। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभारी हूं कि उन्होंने मुझमें भरोसा जताया।'' केंद्रीय गृह सचिव राजीव गाबा, गुप्तचर ब्यूरो के प्रमुख राजीव जैन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने गृह मंत्रालय के नॉर्थ ब्लॉक स्थित कार्यालय में शाह का स्वागत किया। गृह मंत्रालय के लिए दो नवनियुक्त राज्य मंत्रियों जी. के. रेड्डी और नित्यानंद राय ने भी शनिवार को कार्यभार संभाला। भाजपा के नेतृत्व वाले राजग की प्रचंड जीत के बाद दो दिन पहले उन्होंने मंत्री पद की शपथ ली थी। उम्मीद है कि शाह आतंकवाद और अवैध प्रवास को कतई बर्दाश्त नहीं करने की राजग की नीति को प्राथमिकता देंगे। नए गृहमंत्री का तात्कालिक कार्य जम्मू कश्मीर में स्थिति से निपटना होगा, जहां इस वक्त राष्ट्रपति शासन लगा है और उन्हें असम में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के प्रकाशन से उत्पन्न स्थिति से भी निपटना होगा। भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को हाल में सम्पन्न लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत मिली है। भाजपा ने इस बार 542 सीटों में से 303 सीट जीती हैं। पार्टी अध्यक्ष के तौर पर शाह भाजपा की जीत के अहम रणनीतिकार रहे। केरल के राज्यपाल पी. सदाशिवम और महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. विद्यासागर राव गृहमंत्री को शिष्टाचार फोन करने वाले शुरुआती व्यक्तियों में शामिल रहे।

## कांग्रेस नेता के घर पर ग्रेनेड से हमला

**श्रीनगर (आरएनएस)।** दक्षिण कश्मीर में पुलवामा के पिंगलाना स्थित कांग्रेस नेता उमर जान के घर पर संदिग्ध आतंकवादियों ने रविवार तड़के ग्रेनेड से हमला किया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस हमले के समय जान घर पर मौजूद नहीं थे, लेकिन उनका परिवार घर पर मौजूद था। जान के परिवार को कोई भी सदस्य हालांकि इस हमले में घायल नहीं हुआ है। आतंकवादियों ने यह हमला उस समय किया, जब लोग शब-ए-कद्र की विशेष नमाज अता कर रहे थे। सूत्रों ने बताया कि पुलवामा के पिंगलाना स्थित जान के घर पर दो ग्रेनेड़ फेंके गये, जिसमें से एक फटा और उसकी गूंज पूरे इलाके में सुनायी दी, लेकिन दूसरा ग्रेनेड नहीं फटा। सूत्रों ने बताया कि विस्फोट की आवाज सुनकर मस्जिद में नमाज अता कर रहे लोग अचानक भागने लगे।

## कोविंद, मोदी और शाह ने दी तेलंगाना के लोगों को स्थापना दिवस दी बधाई



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को तेलंगाना के लोगों को राज्य की स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी।

कोविंद ने ट्वीट पर शुभकामना संदेश में लिखा, तेलंगाना की स्थापना की पांचवीं वर्षगांठ पर राज्य के लोगों को बधायी। सभी नागरिकों को सुनहरे और खुशहाल भविष्य के लिए शुभकामनाएं। मोदी ने ट्विटर पर कहा, तेलंगाना के स्थापना दिवस पर इस अद्भुत राज्य के लोगों को मेरी शुभकामनाएं। परिश्रमी नागरिकों के लिए प्रसिद्ध इस राज्य के लोग हमारे देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। मैं तेलंगाना की प्रगति के लिए प्रार्थना करता हूं। उन्होंने इस मौके पर आंध्र प्रदेश के निवासियों को भी बधाई दी है। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, आंध्र प्रदेश के भाईयों और बहनों को बधाई। आंध्र प्रदेश का विज्ञान से लेकर खेल तक, शिक्षा से लेकर उद्योग जगत में बहुत बड़ा योगदान है। मेरी कामना है कि यह राज्य आने वाले वर्षों में और समृद्ध हो। उधर, गृह मंत्री ने ट्विटर पर लिखा, तेलंगाना के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। मैं आने वाले समय में राज्य की उन्नति और खुशहाली की कामना करता हूं।

## लोकसभा चुनाव पर खर्च हुए 60 हजार करोड़

**» अब तक की सबसे बड़ी खर्च राशि**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश में 17वीं लोकसभा के लिए 7 चरणों में मतदान हुआ। इस मतदान को कड़े सुरक्षा प्रबंधों को अंजाम दिया गया। चुनाव के सभी प्रबंधों पर करीब 60 हजार करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है यानी हर संसदीय सीट पर हुआ अनुमानित खर्च सौ करोड़ रुपये से अधिक रहा है।

इसकी जानकारी तीन जून को राजधानी में जारी की जाएगी। यह अब तक हुए किसी भी चुनाव में खर्च सर्वाधिक राशि है। 2014 के चुनाव में करीब तीस हजार करोड़ रुपए खर्च किये गए थे। इस तरह 2014 के लोकसभा चुनाव की तुलना में इस साल खर्च करीब दो गुना है। जिस तरह चुनाव में धन का इस्तेमाल हो रहा है और राजनीति का अपराधीकरण बढ़ रहा है उसे देखते हुए लग रहा है कि 2019 के चुनाव से अधिक पारदर्शी निष्पक्ष और मुक्त चुनाव भविष्य में नहीं हो सकता है। जानकारी के मुताबिक कुछ राज्यों में उम्मीदवरों ने 40 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किये और औसतन प्रति मतदाता सात सौ रुपए खर्च हुए।

## अब बसों और मेट्रो में फ्री यात्रा कर सकेंगी महिलाएं

**» दिल्ली सरकार की तैयारी**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों तो लेकर अभी से राजनीतिक दलों ने तैयारियां कस ली है। आम आदमी पार्टी ने जनता को लुभाने के लिए अभी से वादों की लिस्ट तैयार कर ली है। जिसमें महिलाओं को सरकारी बसों और मेट्रों में फ्री यात्रा करने पर अमल किया जा रहा है।

दिल्ली सरकार ने इसके लिए मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) से प्रस्ताव लाने को कहा है। दिल्ली सरकार का ये फैसला अगर लागू किया जाता है तो मेट्रो और बसों में सफर करने के दौरान महिलाओं को टिकट नहीं लेना होगा।

रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन से पूछा है कि वह बताए कि महिलाओं को दी जाने वाली यह सुविधा वो कैसे लागू करेगा। इसके लिए मुफ्त पास की सुविधा दी जाएगी या किसी अन्य विकल्प की तलाश करनी होगी। एक अनुमान के मुताबिक अगर ये योजना लागू की जाती है तो



दिल्ली सरकार पर प्रति वर्ष 1200 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा। सिर्फ मेट्रो ही नहीं सरकारी बसों में भी महिलाएं मुफ्त में सफर कर सकेगी। डीटीसी और क्लस्टर स्कीम की बसों में इसे लागू करने में सरकार के सामने किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं आएगी। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने शुक्रवार को मेट्रो अधिकारियों से इस संबंध में मुलाकात की और इसका ड्राफ्ट तैयार करने को कहा है। गहलोत ने साफ कर दिया है कि वह मेट्रो में महिलाओं की मुफ्त यात्रा पर आने वाले खर्च को दिल्ली सरकार उठाएगी।


बता दें कि दिल्ली में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीचल इस बार कड़ी टक्कर होगी। लोकसभा चुनावों में दिल्ली की एक भी सीट आम आदमी पार्टी के हाथ नहीं आई है। सभी सीटें बीजेपी के पाले में गई है।

## मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज वॉर्निंग

**» गर्मी से फिलहाल राहत नहीं**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत देश भर में, इन दिनों भारी गर्मी ने कोहराम मचाकर रखा हुआ है. गर्मी का ऐसा कहर जारी है कि लोग बेहाल हैं. देश की राजधानी दिल्ली की बात करें तो तेज धूप, गर्म हवा, लू के थपेड़ों का कहर जारी है. लोगों को जीना मुहाल है. हालांकि शनिवार के मुकाबले मौसम से थोड़ी राहत की उम्मीद है. मौसम विभाग द्वारा जारी रेड वॉर्निंग को हटा कर अब ऑरेंज वार्निंग कर दिया गया है. मौसम विभाग का मानना है कि आने वाले दिनों में बारिश तापमान में थोड़ी कमी जरूर ला सकती है.

मौसम विभाग ने एनसीआर के लिए पहले रेड वॉर्निंग जारी की थी, जिसमें अब सुधार करते हुए ऑरेंज कर दिया गया है. विभाग कुल चार तरह की वॉर्निंग जारी करता है. इसमें ग्रीन, येलो, ऑरेंज और रेड शामिल हैं. यहां ग्रीन मतलब सामान्य और लाल मतलब खतरनाक स्थिति होता है. रविवार को भी तापमान ऑरेंज जोन में रहने



के आसार हैं. विभाग का अनुमान है कि 4, 5 और 6 को बारिश के भी आसार हैं जिससे राहत मिल सकती है.

भारतीय मौसम विभाग ने कहा है कि अगले 5 दिन में मानसून केरल तट पर दस्तक दे देगा. 2-3 दिन में अंडमान-निकोबार के अलावा असम मेघालय, नागालैंड, त्रिपुरा और कर्नाटक में तेज बारिश की उम्मीद जताई है. वहीं, दूसरी ओर मौसम विभाग के एडीजी डॉ. मृत्युंजय महापात्रा का कहना है कि उत्तर भारत के दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, पंजाब, चंड़ीगढ़, मध्य प्रदेश, बिहार, राजस्थान समेत कई इलाकों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप अगले 2 दिन और जारी रहेगा.

## रक्का में विस्फोटकों से लदी हुई कार में धमाका, 10 लोगों की मौत

**काहिरा ।** सीरिया के उत्तरी शहर रक्का में हुए एक बम विस्फोट में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गयी। स्थानीय मीडिया ने रविवार को सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी।

स्काई न्यूज अरबिया के मुताबिक रक्का शहर में विस्फोटकों से लदी हुई एक कार में धमाका हुआ। उल्लेखनीय है कि रक्का के ऊपर वर्ष 2013 में सीरियाई विपक्षी सेनाओं ने कब्जा कर लिया था। इसके बाद इस पर इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने कब्जा कर इसे अपनी राजधानी घोषित कर दिया था। वर्ष 2016 में अमेरिका के नेतृत्व वाली गठबंधन सेना की मदद से कुर्द लड़ाकों वाली सीरियाई डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एसडीएफ) ने शहर को आईएस के आतंकवादियों के कब्जे से छुड़ाने के लिए एक अभियान शुरू किया था। वर्ष 2017 में इस लड़ाई में एसडीएफ ने रक्का शहर को पूर्ण रूप से अपने नियंत्रण में ले लिया।

## सागरपुर पुलिस स्टेशन के यार्ड में लगी भीषण आग, 50 कारें जलकर खाक



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सागरपुर पुलिस स्टेशन के पास शनिवार देर रात अचानक आग लग जाने से पुलिस स्टेशन के निटक जब्त की गई गाड़ियों के यार्ड में खड़ी 50 से ज्यादा कारें जलकर खाक हो गई. घटना की सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. फिलहाल आग के कारणों का कोई पता नहीं चला है.

बता दें कि शनिवार देर शाम दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित एनडीएमसी की इमारत में भी भीषण आग लग गई थी. मौके पर पहुंची 6 दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया. हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं आई. कनॉट प्लेस दिल्ली का काफी भीड़भाड़ वाला इलाका है. बिल्डिंग में आग लगने के बाद यहां काफी अफरातफरी मच गई. हालांकि छुट्टी का दिन होने की वजह से आस-पास कम लोग मौजूद थे.

एनडीएमसी के एक एक अधिकारी ने बताया कि आग जन शिकायत निगरानी प्रणाली और निगम आवास निदेशक के कमरों के बीच में स्थित एक रसोईघर में लगी थी. अधिकारी ने बताया कि आग पर फौरन काबू पा लिया गया और किसी रिकार्ड को कोई क्षति नहीं पहुंची.

## पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल को मिला मेक्सिको का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**पुणे (आरएनएस)।** भारत की पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल को शनिवार को विदेशियों को दिए जाने वाले मेक्सिको के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार ऑर्डेन मेक्सिकाना डेल एग्वेला एज्टेका (ऑर्डर ऑफ एज्टेक ईगल) से सम्मानित किया गया। प्रतिभा पाटिल वर्ष 2007 से 2012 तक राष्ट्रपति के पद पर रहीं। उन्होंने भारत की पहली महिला राष्ट्रपति बनकर इतिहास रचा।



भारत में मेक्सिको के राजदूत मेल्बा प्रिआ ने पुणे के एमसीसीआईए भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में पाटिल को सम्मानित किया। इस सम्मान पाने वाली 85 वर्षीय पाटिल दूसरी भारतीय प्रमुख बनीं हैं। इससे पहले दिवंगत राष्ट्रपति एस. राधाकृष्णन को यह सम्मान दिया गया था।

विभिन्न श्रेणियों में इससे पहले भी कई भारतीयों को यह पुरस्कार दिया गया है, जिनमें नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन, प्रसिद्ध कलाकार सतीश गुजराल, उद्योगपति रघुपत सिंघानिया, मुंबई में मैक्सिको के महावाणिज्य दूत रज्जू श्रॉफ और अन्य शामिल हैं।

## कांग्रेस की सोशल मीडिया विंग प्रमुख दिव्या ट्विटर से गायब

**» पार्टी छोड़ने की अटकलें तेज**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव परिणामों की घोषणा के कुछ दिनों बाद ही कांग्रेस के सोशल मीडिया विंग की प्रमुख दिव्या स्पंदाना का ट्विटर अकाउंट प्लेटफॉर्म से गायब है। दिव्या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना बनाने के लिए जानी जाती रही हैं।

माइक्रोब्लॉगिंग साइट पर एट द रेट दिव्यास्पंदाना को सर्च करने पर लिखकर आता है, सॉरी, दैट पेज डजंट एग्जिस्ट। स्पंदाना कांग्रेस की उन नेताओं में शामिल हैं जो ट्विटर पर भाजपा नेताओं पर तीखे हमले करती थीं। इस बाबत कांग्रेस पार्टी की तरफ से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है और न ही स्पंदना की तरफ से इस संबंध में कोई बयान जारी किया है।



वहीं कांग्रेस के मीडिया विभाग ने स्पंदना के ट्विटर अकाउंट डिलीट किए जाने के संबंध में कोई भी टिप्पणी करने से इनकार किया है। स्पंदना को कांग्रेस पार्टी की सोशल मीडिया पर बड़ी उपस्थिति दर्ज कराने का श्रेय दिया जाता है। क्योंकि बीजेपी ऑनलाइन मंचों पर मजबूत है और कांग्रेस को सोशल मीडिया पर मजबूती से खड़ा करने के लिए स्पंदना के योगदान को माना जाता है।